कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.04.2024

विषय:- बलवा के मामले मे नामजद वांछित 06 आरोपी थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0-113/2024 धारा 147/148/323/504/506/325/308/326 भा0द0वि0 थाना चोलापुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. सुभाष पुत्र देवनाथ 2. नन्दलाल पुत्र देवनाथ 3. उपेन्द्र पुत्र शिवशंकर 4. अभिषेक पुत्र सुभाष 5. राहुल पुत्र जयनाथ 6. राजेश कुमार पुत्र जयनाथ निवासीगण ग्राम कटारी सिहुलिया थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को दिनांक-16.04.2024 को समय करीब 13.10 बजे ग्राम कटारी सिहुलिया थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 14.04.2024 को वादी मुकदमा श्री मनीष कुमार पुत्र सतीश निवासी ग्राम कटारी (सिहुलिया) थाना चोलापुर जनपद वाराणसी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रार्थी व प्रार्थी के मामा प्यारेलाल पुत्र पांचू राम, जियालाल, बृजेश कुमार, गोलू कुमार, गौतम, सभी लोग अम्बेडकर जयन्ती के लिये मंदिर पर माल्यार्पण के लिये गये थे, प्रार्थी के विपक्षीगण समय लगभग 7.30 बजे शाम जगजीवन पुत्र देवनाथ, सुभाष पुत्र देवनाथ, नन्दलाल पुत्र देवनाथ, सतीष पुत्र नन्दलाल, रविकुमार पुत्र भैयालाल, उपेन्द्र पुत्र शिवशंकर, अभिषेक पुत्र सुभाष, राजेश पुत्र जयनाथ, राहुल पुत्र जयनाथ एक राय होकर लाठी-डण्डा व राड लेकर अचानक हम लोगों के ऊपर हमला कर दिये जिससे प्यारेलाल व जियालाल का मौके पर ही सर फट गया और दोनों लोग बेहोश होकर मौके पर गिर पड़े, प्रार्थी ने बीच बचाव किया तो प्रार्थी को भी मारे और बृजेश का मारकर दांत तोड़ दिये और मां बहन की गन्दी-गन्दी गाली दिये और जाते वक्त कहे कि इस बार तो छोड़ दे रहा हूँ अगली बार तुम लोगों को जान से मार दूँगा। वादी के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना चोलापुर में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री रमेश द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. सुभाष पुत्र देवनाथ उम्र करीब 40 वर्ष
2. नन्दलाल पुत्र देवनाथ उम्र करीब 47 वर्ष
3. उपेन्द्र पुत्र शिवशंकर उम्र करीब 23 वर्ष

4. अभिषेक पुत्र सुभाष उम्र करीब 20 वर्ष
5. राहुल पुत्र जयनाथ हस्व उम्र करीब 23 वर्ष
6. राजेश कुमार पुत्र जयनाथ उम्र करीब 36 वर्ष
समस्त निवासी ग्राम कटारी सिहुलिया थाना चोलापुर जनपद वाराणसी।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- कटारी सिहुलिया थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी, दिनांक 16.04.2024 समय 13.10 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-
1. उ0नि0 रमेश कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0प्रशि0 विवेक सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 नरेन्द्र यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अवधराज यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।